## गागर में सागर

### रातू ब्लॉक रॉड में महीनों से पड़े कचड़े का किया गया साफ-सफाई



**रातू।** ब्लॉक से सटे एनएच 75 जाने वाली सड़क किनारे डंपिंग यार्ड बने कचरे को जेसीबी व हाईवा लगाकर समाजसेवी कृष्णा उरांव ने साफ सफाई कराया। यह सड़क रातू के सबसे व्यस्तम सड़कों में माना जाता है। ऐसे में कचड़े का डंपिंग यार्ड बने होने से इस सड़क से होकर आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कचड़े के कारण मक्खियों व मच्छरों का भी आतंक बढ़ गया था। इसके साथ ही संक्रमण व डेंगू फैलने का खतरा था। हालांकि इसी रास्ते से तमाम ब्लॉक व अंचल के अधिकारी सड़क पार करते थे। कई बार गंदगी की साफ सफाई के लिए आग्रह किया गया परंतु किसी ने पहल नही की। इसके उपरांत समाजसेवी कृष्णा उरांव ने कचरे से बने डंपिंग यार्ड की साफ सफाई कराया।

### मांडर थाना में बीडीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न



**मांडर।** मांडर बीडीओ सुलेमान मुंदरी की अध्यक्षता में शनिवार को शांतिसमिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपप्रमुख अमानत अंसारी, जिप सदस्य, मुखियागण, बुद्धजीवीगण, दुगार्पूजा समिति के अधिकारी आदि ने अपने क्षेत्र में आयोजन तथा कार्यक्रम की जानकारी देकर शांति व्यवस्था के लिए उचित रुपरेखा पर सुझाव दिया।मांडर अंचल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, मांडर सीओ बिजय हेमराज खलखो,बीडीओ सुलेमान मुंदरी, एसआई श्यामल कुमार ने सभी को गाईड लाईन के अनुसार विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए माँ दुर्गा की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर दसमी को रात होने से पूर्व विसर्जन का निर्देश दिया।मौके पर प्रो.आरिफ हसन ,बिरेन सेन गुप्ता, मुखिया लक्ष्मण भगत,बंधन उरांव, भुवनेश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### स्कूल से गायब हो गया गैस सिलेंडर व अन्य चीजें

**रांची।** नामकुम स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय से गैस सिलेंडर समेत कई सामानों की चोरी हो गयी। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी ने तुपुदाना ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शशि पॉल कुजूर की ओर से तुपुदाना ओपी में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके विद्यालय से रसोई गैस सिलेंडर,, गैस चूल्हा, अल्मुनियम डेग समेत अन्य चीजें 11 अक्तूबर को गायब हो गयी। हालांकि काफी खोजबीन भी की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद तुपुदाना ओपी में मामला दर्ज किया गया। तुपुदाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि अब तक पुलिस को चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

### टायर चोरी करते हुए पकड़ाया, गया जेल

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने कार से टायर चोरी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम मो अज्जू है और वह ठाकुरगांव थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार को आरोपी सीठियो बस्ती में एक कार से टायर निकाल रहा था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई करने के बाद धुर्वा थाने के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

### युवक को पत्थर से मारकर किया जख्मी, तीन पर केस दर्ज

**रांची।** धुर्वा के रहने वाले शुभम कुमार को बदमाशों ने ईंट-पत्थर से मारकर जख्मी कर दिया है। घटना बुधवार की है। इस संबंध में शुभम ने कुणाल कुमार सिंह, कलेंदर कुमार और संजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह धुर्वा टंकी साइड से 11 अक्तूबर को गुजर रहा था। इसी दौरान कुणाल अपने दोस्तों के साथ पहुंचा और उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। ईंट पत्थर से मारकर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इससे वह बेहोश हो गया। जब उसे होशा आया तो वह अस्पता में था। स्थिति कुछ ठीक होने के बाद वह सीधे धुर्वा थाना पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नवरात्र के प्रथम दिन महिलाओं ने निकाली आस्था के साथ कलश यात्रा



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन सुबह में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक सिल्ली के तत्वावधान में महिलाओं ने पीला वस्त्र धारण कर तथा जय माता दी का जयकारा लगाते हुए हाथ में कलश लेकर हिंडालको स्वर्णरेखा नदी घाट पहुंची, जहां पंडित हर गोविंद बनर्जी एवं अजय कुमार बनर्जी के द्वारा भक्तों को मंत्र उच्चारण के साथ शुद्धिकरण तथा संकल्प कराया गया। महिलाएं नदी से कलश में जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए मुरी से सिल्ली दुर्गा पंडाल पहुंची। तत्पश्चात विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ कलश का जल 9 दिन पूजा हेतु पूजा पंडाल में स्थापित किया गया। इस मौके पर नेपाल साहु, जितेंद्र प्रसाद साहू, दिवाकर प्रसाद, संजय भगत, कुंदन साहू का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो के महादानी मैदान में रविवार को एकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संच के विभिन्न गांवों के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अंचल व संच समिति एंव सामाजिक कार्यकताओं ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

### नंबर प्लेट दुकान चलाने वाले दुकानदार का अपहरण, केस दर्ज

**रांची।** रांची के रतन टॉकिज के समीप नंबर प्लेट की दुकान चलाने वाले आफताब आलम उर्फ गुड्डू का अपहरण कर लिया गया है। इस संबंध में परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। परिजन महताब आलम की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि आफताब का रतन टॉकिज के पास नंबर प्लेट बदलने का दुकान है। बीते छह अक्तूबर को कलालटोली स्थित सीट दुकान के पास गया था। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक पहुंचा और आफताब आलम को स्कूटी में बैठाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। हालांकि देर रात तक जब आफताब घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोजबीन भी की, मगर उसका कुछ पता नहीं चल पाया। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि आफताब का किसी अज्ञात अपराधी ने अपहरण कर लिया है। इसके बाद परिजन सीधे लोअर बाजार थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। इधर, पुलिस की टीम दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस आफताब की तलाश में जुट गई है। हालांकि अब तक पुलिस को आफताब का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज निकाल रही है। वहीं गुप्तचरों से भी पुलिस मदद ले रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जल्द तहकीकात हो जायेगी, पुलिस इस मामले के जांच में जुट गयी है।

### भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने वाले बयान पर किया पलटवार, कहा-

# एक समन से मुख्यमंत्री कैसे समझ रहे हैं कि जेल जा रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पवर भाजपा ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह जानना चाहा कि वह किस आधार पर कह रहे हैं कि उन्हें जेल भेजने की साजिश की जा रही है? प्रतुल ने कहा सिर्फ उन्हें समन किया गया है। लेकिन मुख्यमंत्री शायद अपनी अंतरात्मा की आवाज से यह बात कह रहे हैं क्योंकि अंतरात्मा को सारी सच्चाई पता होती है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस भी 41 ए के तहत हजारों नोटिस निर्गत किया करती है, तो एक केंद्रीय एजेंसी के नोटिस से मुख्यमंत्री इतना परेशान क्यों होकर बेचैन दिख रहे हैं? जाहिर है मुख्यमंत्री को पता है कि जजमेंट डे निकट आ रहा है और सारे घपले घोटाले का हिसाब देना होगा। मुख्यमंत्री को यह भी पता है कि इसका अंतिम अंजाम क्या होगा



इसलिए वह बार-बार जेल जाने की बात कह रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद को आदिवासी बता कर विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वह भूल रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उनसे 28 मार्च, 2010 को एसआईटी ने 10 घंटे तक पूछताछ की थी। उस समय तो उन्होंने अपने पिछड़ी जाति के होने का हवाला देकर यूपीए सरकार पर कोई आरोप नहीं लगाया था। बाद में इस केस में एसआईटी ने मोदी जी को यूपीए शासन काल में ही क्लीन चिट दे दी जिसे बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने भी सही माना। सीबीआई ने भी गृह मंत्री अमित शाह से 7 अगस्त, 2010 को 9 घंटे तक लंबी पूछताछ की थी। बाद में 1 अगस्त, 2016 को अमित शाह जी को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई। उस समय उन्होंने भी कोई विक्टिम कार्ड नहीं खेला। लेकिन मुख्यमंत्री बार-बार विक्टिम कार्ड खेलकर ध्यान बाटने की कोशिश कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री अपना स्क्रिप्ट राइटर बदलें क्योंकि वह बार-बार भाजपा पर 20 साल राज करने का आरोप लगा रहे हैं। जबकि इस प्रदेश के 23 वर्षों में 12 साल तक झामुमो, कांग्रेस ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राज किया। 2005 में 9 दिनों के लिए शिबू सोरेन मुख्यमंत्री बने। निर्दलीय मधु कोड़ा एक साल 346 दिन मुख्यमंत्री रहे। जिन्हें झामुमो, कांग्रेस चला रही थी। 2008 से 2010 के बीच में शिबू सोरेन दो बार 145 दिन और 153 दिन के लिए मुख्यमंत्री रहे। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2012 से 2014 में 1 साल 168 दिन तक मुख्यमंत्री बने रहे। वर्तमान में 29 दिसंबर 2019 से लगभग 3 वर्ष 10 महीने तक वह मुख्यमंत्री बने हुए हैं। हेमंत सोरेन 2 साल 129 दिन उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। 2004 से 2014 के बीच में यूपीए के शासनकाल में 623 दिनों तक राष्ट्रपति शासन भी था और यह वह दौर था जब राज भवन कांग्रेस ऑफिस का एक्सटेंशन ऑफिस हुआ करता था।

### माकपा सिल्ली मुरी लोकल कमिटी की बैठक हुई संपन्न

**मुरी।** रविवार को मुरी माकपा कार्यालय में सिल्ली मुरी लोकल कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कामरेड संतोष कुम्हार ने किया। इस बैठक में कामरेड सदानंद सोनार ने मैनेजमेंट और हिंडाल्को यूनियन के द्वारा हिंडाल्को के स्थाई कर्मचारियों को एग्रीमेंट के तहत किस तरह से ठगने का काम किया उसको इस बैठक में विस्तार पूर्वक रखें। तथा पार्टी से इसमें हस्तक्षेप करने की मांग रखी। कामरेड अमर महली ने झारखंड सरकार से सिल्ली विधानसभा को सूखा क्षेत्र घोषित करने एवं राशन डीलरों के द्वारा मनमानी एवं ग्रामीणों से अंगूठा लगवा के राशन न देने को लेकर अपनी बातें रखी। कामरेड अरुण महतो ने कहा कि पार्टी को मजबूत स्थिति में लाने के लिए चलो गांव की ओर प्रोग्राम को निश्चित करने तथा डिब्बा कलेक्शन एवं चंदा उगाई के लिए आम जनता के द्वार झद्वार पर जाने का कार्यक्रम करने के लिए प्रस्ताव दिया।

# शारदीय नवरात्र के पहले दिन निकली कलश यात्रा, हुई मां दुर्गा की आराधना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो गया। माता के भक्त पूजा-पाठ में तल्लीन हो गए। पहले दिन प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों से कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु ने कलश यात्रा में शामिल हुए। वहीं श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति के तत्वाधान में कलश स्थापना को लेकर महादानी मंदिर परिसर व मुरतो गांव में कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें शामिल महिलाओं व कन्याओं का दल बेड़ो का भ्रमण करते हुए डुकु तालाब से कलश में जल भर कर मंदिर परिसर पहुंचा। जहां मुख्य पुजारी अशोक पंडा की देखरेख में कलश स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना शुरू की। इस दौरान देवी-देवताओं के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा। या देवी सर्वभूतेषु.., के मंत्रोच्चारण के साथ पहले दिन प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। नवरात्र के शुरू होते ही लोगों का उत्साह काफी बढ़ गया है। दुर्गा सप्तशती के श्लोक और माता की आरती से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। इसके साथ ही नवाह्न पाठ की शुरूआत हुई और मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना व आरती की गई। इधर प्रखंड के खत्री खटंगा,पाकल मेड़ी मुरतो, तुको,ईंटाचिल्द्री, दिघिया व घाघरा में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया गया। घर से लेकर मंदिरों में कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति जलाई गई। नौ दिनों तक अनवरत माता दुर्गा की अखंड ज्योति जलाकर हवन -पूजन किया गया। वहीं मंदिरों व घरों में माता के जयकारे गूंजे।श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी गई। इस मौके पर रमेश प्रसाद गुप्ता, सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार राय, शरवी सुमन, रेखा कुमारी, त्रिसूत्री नाग, कलावती देवी, गायत्री देवी, साधना कुमारी, दीक्षा दुबे, आस्था सोनी, राजेश कुमार, रोशन महतो, रीता कुमारी आदि मौजूद थे।

### चन्हो में 48 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

आर्यावर्त कंठामृत रसधारा कीर्तन मंडली कटैया की ओर से स्थापना के द्वितीय वर्षगाँठ के अवसर परमां कटैया भगवती मंदिर प्रांगण में 48 घन्टे का श्री हरि षोडश महामंत्र जाप का भव्य आयोजन किया गया। 13 से 15 अक्टूबर तक निरंतर विभिन्न क्षेत्रों की कीर्तन मण्डलियों के विभिन्न आयु वर्ग के स्त्री-पुरुष भक्तों ने इस अवसर पर राम कृष्ण के कीर्तन भजनों की रसधारा का जम कर अमृत पान किया।कीर्तन मंडली के प्रदीप कुमार साहु ने बताया कि हमारी कीर्तन मण्डली दो साल में कुडू, कैरो, लोहरदगा, चँदवा के धर्मप्रिय लोगों को अखंड हरिकीर्तन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों, बाबाधाम देवघर, पुरी सहित अन्य जिला एवं राज्यों में भी अखण्ड हरिकीर्तन अपनी मंडली के साथ करती आ रही है। जल्द ही नेपाल और रामेश्वरम में इस मंडली का आयोजन होने वाला है। विभिन्न क्षेत्रों से आये भक्तों एवं कीर्तन मंडलियों के लिए तीनों दिन सुबह से शाम तक प्रसाद और सुरुचिपूर्ण भंडारे का उत्तम व्यवस्था किया गया था।रविवार को अखण्ड हरि कीर्तन के समापन के पश्चात पूरे विधि विधान से हवन कर आयोजन विसर्जन किया गया। मौके पर लाल त्रिपुण्ड नाथ शाहदेव, अभिमन्यु साहु, विपिन मिश्रा, अमित महतो, उमेश महतो सभी मण्डली के सदस्य मौजूद थे।

## विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेल कर बेहतर अनुभव प्राप्त कर रहे हैं स्थानीय खिलाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली स्टेडियम में चल रहे झारखंड प्रीमियर लीग में नाइजीरिया फुटबॉलर के साथ खेल कर बेहतर अनुभव प्राप्त कर रहे हैं स्थानीय फुटबॉलर। पिछले कई वर्षों से रांची डिवीजन से खेलने वाले स्थानीय फुटबॉलर सिल्ली प्रखंड के बिसारिया गांव के रहने वाले दीपक महतो व विक्की महतो इन्होंने कहा कि शुरूआती खेल में विदेशी खिलाड़ियों के साथ तालमेल में थोड़ी कमी थी परंतु अब उनके खेल के हिसाब से हम भी ढल गए हैं। नाइजीरिया के फुटबॉलर चिबुजा के साथ खेलने से फुटबॉल पासिंग के साथ-साथ बेहतर किक का इसके अलावा कम से कम समय में फुटबॉल को किस तरह से विपक्ष टीम के गोल पोस्ट तक पहुंचे। कैसे किन-किन खिलाड़ियों को पासिंग देते हुए गोल पोस्ट तक पहुंचे, उनके इस तरह के खेल से काफी प्रभावित हुए हैं और बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। नाइजीरिया फुटबॉलर चिबुजा ने कहा कि उन्हें यहां आकर बहुत अच्छा लगा। यहां का माहौल खेल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यहां के खिलाड़ियों में फुटबॉल के प्रति खासा क्रेज है और खेल के प्रति उनकी मेहनत भी अद्वितीय है।

### रांची के सोनाहातु में संपन्न हुआ करमा मिलन समारोह

**रांची।** रांची के सोनाहातु टांग टांग मैदान मे आदीवासी समाज सोनाहातु के तत्वावधान में करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख विक्टोरिया देवी शामिल हुई। महोत्सव में मौजा के पहान कृष्ण सिंह मुंडा भुवनेश्वर पुराण मनोहर पुराण मेघनाथ सिंह मुंडा अपने खोड़हा मंड़ली के ढोल मांदर साथ परंपरागत वेशभूषा व सांस्कृतिक पहचान सहित सभास्थल पहुंचे। आयोजक समिति सभी मंडलियों को बारी-बारी से आदिवासी रीति रिवाज व सांस्कृतिक पहचान दिखाते हुए करमा नृत्य गान प्रस्तुत किया गया। महोत्सव में आदिवासी समाज के अगूवा निशिकांत गोंझु ने कहा कि करम पर्व मिलन समारोह यहां के लोगों की परंपरा, रीति रिवाज, संस्कृति है। जो हमेशा के लिए जीवंत रहे, इसके लिए इस तरह का समारोह किया जाता है।

### हाइवे पर कंटेनर का ब्रेक हुआ फेल, घर में जा घुसा

## घर, बाइक और कार हुए क्षतिग्रस्त हादसा होने से बाल-बाल बचे घरवाले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा में एक रविवार की शाम एक बड़ा हादसा हो गया। एनएच 33 से गुजर रहे एक कंटेनर का ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने की वजह से कंटेनर अनियंत्रित हो एक घर में जा घुसा, हादसे में घरवाले तो बाल - बाल बच गए लेकिन कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।



**क्या है पूरा मामला :** रांची के इरबा से गुजरने वाले एनएच 33 पर रविवार की शाम एक कंटेनर का ब्रेक फेल होने से कंटेनर इरबा गांव निवासी मुमताज अंसारी के घर में घुस गया।इस हादसे में घर के बाहर का कमरा पूरी तरह से टूट गया। वहीं बाहर खड़ी एक कार और चार स्कूटी - बाइक पूरी तरह से चकनाचूर हो गए।हादसे के समय घर मे मौजूद मुमताज अंसारी और मकबूल अंसारी घायल हो गए है। हालांकिदोनों खतरे से बाहर हैं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कंटेनर की रफ्तार बेहद तेज थी। इसी दौरान जब कंटेनर के ड्राइवर ने ब्रेक लगाया तो ब्रेक नहीं लगा इसके बाद उसने कंटेनर को साइड लगाने की कोशिश की लेकिन ब्रेक नहीं लगने की वजह से कंटेनर अनियंत्रित हो गया और मुमताज अंसारी के घर में जा घुसा। मिली जानकारी के अनुसार कंटेनर जमशेदपुर से मध्य प्रदेश जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। कंटेनर की चपेट में आने से दो पहिया वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गए।

**पुलिस पहुची क्रेन लेकर :** हादसे की खबर पाकर ओरमांझी पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन को मौके पर बुलाकर कंटेनर को घर से निकलकर किनारे करवाया ,पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कंटेनर को जप्त कर लिया है।

### प्रमोद प्रसाद गुप्ता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में हुए शामिल

# नि:शुल्क शिक्षा और चिकित्सा पहली प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को कांके प्रेमनगर के पंचायत सभागार में लोकहित अधिकार पार्टी के तत्वावधान में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाजपा समर्थक प्रमोद प्रसाद गुप्ता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने किया। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं विशिष्ट अतिथि स्वरुप पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम उपस्थित रहे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सभी को फूल माला देकर अभिनंदन करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आम जनता को यदि नि:शुल्क शिक्षा और चिकित्सा दिया जाए तो सचमुच में




भारत विश्व गुरु बन सकता है, परन्तु देश और प्रदेश की सबसे बड़ी बाधा मनु मानसिकता है। दुर्भाग्यवश देश की दोनों बड़ी पार्टी भाजपा और कांग्रेस मनु मानसिकता से ग्रसित है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कहा कि अभी पूरे झारखण्ड प्रदेश में पार्टी का जन जागरण अभियान चल रहा है। आम जनता को नि:शुल्क शिक्षा और चिकित्सा मिले इसके लिए जल्द ही आंदोलन भी प्रारम्भ किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम ने कहा कि आजादी के इन 75 वर्षों में जिन मनु मानसिकता के लोगों ने देश में कांग्रेस के नाम पर 58 साल राजपाट किया आज भी वहीं लोग पीएम मोदी के नाम पर राजपाट कर रहे हैं। नि:शुल्क शिक्षा और चिकित्सा के लिए आम जनता को गोलबंद होना होगा।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रमोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हम और हमारे पूर्वज जिन्दगी भर कांग्रेस और भाजपा को ही वोट देते रहे परन्तु देखा जा रहा है कि सत्ता परिवर्तन होती है शासक नहीं। इसीलिए हमलोगों ने लोकहित अधिकार पार्टी का दामन थामा। नि:शुल्क शिक्षा और चिकित्सा के लिए संघर्ष करेंगे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से देव पूजन ठाकुर, जनक प्रजापति संजय लोहरा, कुंज बिहारी साहू, रामानंद ठाकुर, रीना देवी, सुनीता मुंडा,सुनीता उरांव, नागेंद्र साहू, सुभाष कुमार शर्मा, अमित यादव, तरुण वर्मा, नवनीत भेंगरा, प्रमोद प्रसाद, इमरान खान,आदि सैकड़ों लोग शामिल रहें।

### दुर्गा पूजा को लेकर सिविल सर्जन ने छुट्टियों पर लगाई रोक

## 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मी रहेंगे तैनात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. पूजा समिति के लोग पंडालों की साज-सज्जा के साथ-साथ पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। पूजा समिति के अलावा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी में जुटी हुई है। स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में बात करते हुए रांची सिविल सर्जन डॉ। प्रभात कुमार ने कहा कि जिन पंडालों में अत्यधिक भीड़ होती है, वहां अगर समिति के सदस्य स्वास्थ्य कर्मियों की मांग करते हैं, तो विभाग निश्चित रूप से संबंधित पंडालों में स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति करेगा। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि राजधानी के ग्रामीण और शहरी इलाकों में बनने वाले पंडालों के आसपास के सभी अस्पतालों में 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। सभी प्रखंड स्तरीय अस्पतालों के कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की छुट्टी न लें। इसके अलावा विभिन्न चौक चौराहों पर एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी ताकि भीड़ के कारण अगर किसी श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ती है तो उसे आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचाया जा सके।

**सभी व्यवस्था बेहतर ढंग से की जाएगी:** पूजा समिति से जुड़े लोगों ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था बेहतर ढंग से की जायेगी। इसका खास ख्याल रखा जाएगा क्योंकि इस बार कई पंडाल भव्य अंदाज में बनाए जा रहे हैं। इसे देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पूजा समिति के लोग हमेशा संपर्क में रहेंगे।

## गागर में सागर

### मालखाना से चोरी लोहे का एक क्विंटल सरिया पुलिस ने किया बरामद

**धनबाद।** तोपचांची पुलिस को मालखाना से लोहा चोरी मामले में सफलता मिली है. दरअसल पुलिस ने साहोबहियार स्थित कतरी जोरिया में छापेमारी किया था. छापेमारी में मालखानों से चोरी किया गया लगभग एक क्विंटल लोहे का सरिया पुलिस ने जब्त किया है. चोरों ने मालखाना से चोरी किये गये सरिया को पुलिस के डर से साहोबहियार स्थित कतरी जोरिया में छिपा कर रखा था. यहां बता दें कि बीते 2 अक्टूबर को तोपचांची थाना के साहोबहियार स्थित मालखाना से लोहा का सरिया व तार चोरी हुआ था. इसके बाद तोपचांची पुलिस ने मामला दर्ज किया था और जांच में लगी थी. सूचना मिलने पर पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी भी की थी. इस बारे में तोपचांची थाना प्रभारी अनिल विद्यार्थी ने बताया कि मालखाना से चोरी का एक क्विंटल सरिया बरामद किया गया है. चोरी की घटना के बाद छापेमारी अभियान चलाया गया था. पुलिस की छापेमारी टीम में एसआई राकेश कुमार, एएसआई सुमन सिंह सहित पुलिस के अन्य जवान उपस्थित थे.

### धोबीघाट की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास, पुलिस ने हटाया

**धनबाद।** कुमारधुबी क्षेत्र के कालीमण्डा स्थित धोबी घाट की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है. जिसका रजक समाज ने रविवार जमकर विरोध किया. दरअसल रेलवे द्वारा विस्थापित लोग धोबी घाट पर अवैध कब्जा करने में लगे थे. इसकी सूचना पुलिस को दी गयी. सूचना पाकर कुमारधुबी ओपी के एसआई वसीम अनवर खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे. एसआई खान ने मौके पर अवैध कब्जाधारियों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी. जिसके बाद विस्थापितों ने वहां से अवैध कब्जा हटा लिया. मौके पर जीतेन्द्र रजक, मुकेश रजक और रामउचित रजक ने विरोध जताते हुए कहा कि अंग्रेजी शासन काल से ही यहां धोबी घाट है. जो धोबी समाज का धरोहर है. लेकिन कुछ लोग इस धरोहर को मिटाना चाहते हैं. ऐसा नहीं होने दिया जायेगा. कहा कि कुमारधुबी में एकमात्र इस धोबी घाट के अस्तित्व को बचाने के लिए वे लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं. यहां बता दें कि फ्रेट कॉरिडोर को लेकर रेलवे किनारे बसे लोगों को नोटिस देकर रेलवे ने जगह खाली करने के लिए नोटिस भेजा था. जिला प्रशासन की ओर से विस्थापितों को बसाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गयी.

### अनियंत्रित टेम्पो ने बाइक को ठोका व्यक्ति की मौत, महिला जख्मी

**जमशेदपुर।** घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी के निकट एनएच 18 फोरलेन के सर्विस रोड पर रविवार को अनियंत्रित ऑटो की बाइक से सीधी टक्कर में बाइक चालक अधेड़ की मौत हो गई. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. अनुमंडल अस्पताल के डॉ. आरएन टुडू ने जांच के बाद मंजूर अली को मृत घोषित कर दिया. डॉ. टुडू ने महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया. घटना के संबंध में मृतक का भतीजा अहमद अली ने बताया कि दुर्घटना में मौसी बुरी तरह जख्मी हो गई. मृतक बाइक सवार फुलपाल निवासी 55 वर्षीय मंजूर अली साकिला खातून को घाटशिला से लेकर फुलपाल घर लौट रहे थे. इसी क्रम में अनियंत्रित टेम्पो (जेएच 05 सीएन 1543) ने बाइक को सीधे ठोक दिया.

### असामाजिक तत्वों ने तोड़ी ग्राम देवी की प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

**जमशेदपुर।** सोनुवा थाना क्षेत्र के नुआगांव में असामाजिक तत्वों ने ग्राम देवी की प्रतिमा खंडित कर दिया. इसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है. बताया जाता है कि रविवार सुबह जब कुछ ग्रामीण नुआगांव में ग्राम देवी की पूजा के लिए पहुंचे, तो प्रतिमा को खंडित पाया. इसके बाद यह खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग ग्राम देवी पूजा स्थल पहुंचे और रोष जताया. ग्रामीणों ने घटना पर विरोध जताते हुए पुलिस प्रशासन से दोषी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. सूचना मिलने पर सोनुवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची. ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सोहन लाल को कार्रवाई के लिए पत्र भी सौंपा. पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए शांति बनाये रखने का अपील की.

### कोलकाता से लौटने के दौरान युवक लापता, परिजन काफी चिंतित



**गिरिडीह।** कोलकता से घर लौटने के क्रम में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के हरिला पंचायत स्थित लालपुर का युवक लापता हो गया. दस दिन बीत जाने के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है. युवक के परिजन काफी चिंतित हैं, और उसकी खोजबीन में जुटे हुए हैं. इस संबंध में हरिला पंचायत के मुखिया ने बताया कि खुरचूट्टा स्थित लालपुर निवासी सुरेंद्र रजवार का 20 वार्षीय पुत्र आकाश रजवार कलकत्ता में मजदूरी करता था. बीते 04 अक्टूबर को वह कोलकता से घर वापस आने के लिए निकला था. मगर अब तक वह घर नहीं पहुंचा. बताया गया कि युवक घर लौटने के क्रम में रास्ते से लापता हो गया है.

### कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पूजन शुरू

# या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता...



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शारदीय नवरात्रि पर्व रविवार को कलश स्थापना के साथ शुरू हो गया. माता के प्रथम स्वरूप मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना की गयी. ज्योतिषाचार्य मनीष दिवेदी ने बताया कि हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है. मां दुर्गा की उपासना का पर्व साल में चार बार आता है. जिसमें दो गुप्त नवरात्रि और दो चैत्र व शारदीय नवरात्रि होती है. शारदीय नवरात्रि अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है. इस वर्ष नवरात्रि की शुरूआत रविवार से हुई, 23 अक्टूबर को नवरात्रि समाप्त होगी. वहीं 24 अक्टूबर विजयादशमी या दशहरा का पर्व मनाया जाएगा. संत नरसिंह आश्रम मां नव दुर्गा मंदिर में रविवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पूजन प्रारंभ हुआ. शुभ मुहूर्त पर कलश घट का विधि विधान से स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की गई . मंदिर में लोगों का तांता लगा रहा. वहीं नवरात्र पर घरों में भी कलश घट की स्थापना की गयी. इसको लेकर बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गयी है. पूजा सामग्री की दुकानें बाजार में जगह-जगह सज गयी हैम. पूजा के लिए मिट्टी की कलश, माता की चुनरी, मोती की माला, नारियल एवं अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी हुई.



### नोवामुंडी : महिलाओं ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की

गुवा रामनगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में रविवार को नवरात्र प्रारंभ के साथ ही महिलाओं ने नवरात्रि को लेकर कलश स्थापना की. पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई. दिन के 11 बजे मंदिर के पुजारी मलय पाणिग्राही ने पूरे विधि विधान के साथ कलश की स्थापना की. वहीं कई महिलाओं ने अपने घरों में कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा की. इस दौरान कई महिलाएं 9 दिनों तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगी.

### चाईबासा : विधि विधान से की गयी कलश की स्थापन

शारदीय नवरात्र आरंभ हो गया है. श्रद्धालुओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ मंदिरों व पूजा पंडालों में कलश स्थापन किया. मंदिरों व पूजा पंडालों में सुविधा के अनुसार कलश स्थापन कार्यक्रम किया गया. तुरी टोला पूजा पंडाल में सुबह 9.14 बजे कलश का स्थापना किया गया. महिला- पुरुषों ने मां दुर्गा की भक्ति भाव के साथ आराधना की.

### हाथी पर सवार होकर आ रही हैं माता रानी

इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में माता रानी हाथी पर सवार होकर धरती पर पधारी. यह एक शुभ संकेत है. इस वर्ष सर्वत्र संपन्नता रहेगी और देश में अच्छी वर्षा होने की भी संभावना है. देवी के इस वाहन का संदेश ये है कि आने वाले समय में देश को लाभ हो सकता है. लोगों को सुख-समृद्धि मिलेगी.

### चांडिल : गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली

चौका नवदुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा के अवसर पर देवी दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना श्रद्धा व भक्तिभाव से की गयी. देवी के दर्शन-पूजन के लिए पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे. श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या अधिक थी. इसके पूर्व सुबह में मंदिर से चौका तालाब तक गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. कलश स्थापना के बाद देवी पूजन शुरू हुई.

### बहरागोड़ा : पंडाल निर्माण कार्य जोरों पर

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर चल रहा है. विभिन्न पूजा कमियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है. चौरंगी अवस्थित पूजा पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों के द्वारा भव्य रूप से किया जा रहा है. वहीं बहरागोड़ा के दुगार्बाड़ी, इचड़ाशोल, केसरदा, खण्डमौदा, चित्रेश्वर, मानुषमुड़िया, जगन्नाथपुर, राजलाबांध, तिलो व शासन गामारिया की पूजा कमिटियां बेहतर तरीके से दुर्गा उत्सव को मनाने में लगी हुई हैं.

### सज गया मां का दरबार

चौका में भक्तों ने देवी की पूजा-अर्चना के बाद मां का जयकारा लगाया. पूजा-अर्चना के बाद माता की आरती की गई. दोपहर में मंदिर परिसर में श्रीराम कथा पर प्रवचन शुरू हुआ, जो सात दिनों तक चलेगा. शक्तिपद चटर्जी श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा सुनाएंगे. नवरात्र के अवसर पर मंदिर और पूरे परिसर में भव्य सजावट की गई है. यहां कई दुकानें सज गई हैं.

## डीपीएस रांची में प्राचार्य सम्मलेन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा प्राचार्यों को सशक्त बनाने और उन्हें एनईपी 2020 पर स्पष्ट एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल राँची में रीजनल लेवल प्राचार्य सम्मलेन का आयोजन गया। इस सम्मलेन में सीबीएसई, नई दिल्ली के अधिकारियों ने मुख्य वक्ताओं के रूप में प्राचार्यों से ₹एनईपी - 2020 - इनीशिएटिव एंड रिफॉर्म्सर₹ विषय पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री के रवि कुमार, सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार एवं श्रीमती किरण कुमारी पासी, राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परीयोजना परिषद् (जे.इ.पी.सी) उपस्थित थे। इस सम्मेलन में श्री जयंत कुमार मिश्रा, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, जे.ई.पी.सी की गरिमामय उपस्थिति भी रही। इस बहुप्रतीक्षित सत्र में पटना रीजन (झारखण्ड एवं बिहार) के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के 200 से अधिक प्राचार्यों ने भाग लिया।

### एटीएम तोड़ने वाले बदमाश को लोगों ने पुलिस के हवाले किया

**बोकारो।** शहर के सेक्टर-12 थाना इलाके में बारी कोऑपरेटिव कॉलोनी अम्ब्रम सिटी के पास मेन रोड में लगी एटीएम (एचडीएफसी बैंक) को साबल से तोड़ने का प्रयास कर रहे बदमाश को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पकड़ा गया आरोपी परवेज आलम बालीडीह थाना क्षेत्र के गौश नगर का रहने वाला है. 14 अक्टूबर को रात के लगभग 11 बजे वह एटीएम को साबल से तोड़ रहा था. उसी समय वहां से गुजर रहे रवि रोशन कुमार नामक व्यक्ति ने देखा कि एक युवक एटीएम को क्षतिग्रस्त कर रहा है. उसने युवक को पकड़ा और स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी. लोगों ने यह सूचना 100 डायल कर पुलिस को दी. सूचना मिलते ही सेक्टर 12 थाना की पुलिस वहां पहुंची और आरोपी को थाने ले गयी. पुलिस के वहां पहुंचने से पहले लोगों ने उसकी धुनाई की. वह लोगों से माफी मांग रहा था और कह रहा था कि वह दो सौ रुपये निकालने आया था.

## कुख्यात अपराधकर्मी विजयी तिर्की हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार व चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए कपाली ओपी प्रभारी संदीप कुमार ने कुख्यात बदमाश विजय तिर्की को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है. कपाली ओपी क्षेत्र के काड़ाधरा के पास वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था. पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि कपाली के तामुलिया, काराधारा जंगल में कुछ अपराधी बैठे हुए हैं. सभी पिस्तौल व गोली से लैस हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं. यह जानकारी चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में दी. एसडीपीओ संजय सिंह ने बताया कि एसपी के निदेर्शानुसार कपाली ओपी प्रभारी ने सशस्त्र बलों के साथ छापामारी अभियान चलाया. इसमें कुख्यात बदमाश विजय तिर्की को एक देसी पिस्तौल, जिंदा गोली व पल्सर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार विजय तिर्की एक पेशेवर हत्यारा है. डोबो में 24 मार्च को हुए सूरज कालिंदी हत्याकांड का मुख्य शूटर भी है. इस मामले में वह फरार चल रहा था. उन्होंने बताया कि विजय के विरूद्ध पूर्व में भी हत्या एवं अन्य कई जघन्य कांड दर्ज हैं. उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक उपलब्धि है. कपाली ओपी पुलिस ने विशेष जांच अभियान के दौरान एक देसी कट्टा और जिंदा गोली के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है. ओपी प्रभारी सांदीप कुमार के नेतृत्व में चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान कपाली अलबेला गार्डेन के पास भागते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया. उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुआ है. एसडीपीओ संयज सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम 23 वर्षीय मो. बरकत अली गद्दी है और वह रहमतनगर कपाली का रहने वाला है.

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर चिरकुंडा थाना क्षेत्र स्थित बराकर पुल पर शनिवार देर रात कार और बाइक में टक्कर हो गई. इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मौके पर पहुंची चिरकुंडा पुलिस ने कार और बाइक को जब्त कर लिया. साथ ही पुलिस कार में सवार पांच युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से पकड़कर थाना ले आयी. फिर रविवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मृतक की पहचान गोपालपुर(निरसा) निवासी अजय सिंह के पुत्र अनीश कुमार सिंह (21) के रूप में हुई है. स्थानीय लोग घायल अनीश को स्थानीय नर्सिंग ले गए, जहां



चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक अनीश के पिता अजय सिंह ने बताया कि उन्हें अनीश ने ही फोन कर सूचित किया कि उसका एक्सीडेंट हो गया है, जल्दी आइये. पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो गयी है. वह अपनी बड़ी बहन जो बराकर में रहती है, उससे मिलकर लौट रहा था. वह घर का एकमात्र कमाऊ लड़का था. मृतक के पिता हमेशा बीमार रहते हैं. पिता ने बताया कि उनकी दो पुत्री है. जिसमें एक की शादी हुई है. इस घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रो के बुरा हाल है.

### हत्या मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल

**बोकारो।** हत्या मामले में जमानत मिलने के बाद से लगातार फरार चल रहे अमित सिंह को बीएस सिटी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वह बोकारो सेक्टर-1 में रहता था. साथ ही बिहार के भोजपुर जिले के शिवहर पंचायत का मुखिया भी रह चुका है. लेकिन बोकारो शहर में उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिस वजह से बोकारो में हाल के वर्षो में कम ही रहता था. इस बीच न्यायालय से वारंट जारी हो गया था. पुलिस भी काफी दिनों से खोज रही थी. 14 अक्टूबर की रात पुलिस को जानकारी मिली कि वह चास के आईटीआई मोड़ पर अपने कुछ सहयोगियों के साथ पार्टी कर रहा है. इस बीच कई थानों की पुलिस ने घेराबंदी करते हुए वारंटी को दबोच लिया.

## नाबालिग के साथ पकड़े गए युवक को भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** नाबालिग के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए युवक को बेंगाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. नाबालिग की मां के आवेदन के आधार पर थाना में आरोपी युवक सुजीत कुमार दास के विरुद्ध भादवी की धारा 376 एवं पोक्सो एक्ट थाना कांड संख्या 226/23 के तहत केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई. वहीं पुलिस द्वारा नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है. युवक नवडीहा ओपी क्षेत्र का रहने वाला है. जबकि घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की है.

### क्या है मामला

बताया जाता है कि 13 अक्टूबर की दोपहर आरोपी युवक को नाबालिग के साथ सुनसान जगह पर आपत्तिजनक स्थिति में कुछ युवकों ने दबोच लिया. दबोचने के बाद उसे पकड़ कर गांव लाया गया और युवक के परिजनों को सूचना दी गई. युवक के घर से कोई परिजन मौके पर नहीं पहुंचे. जिसके बाद नाबालिग की शादी युवक के साथ करा देने की बात पर सहमति बनी और मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई. घटनाक्रम के बाद नाबालिग की मां ने कड़ी आपत्ति जताते हुए युवक के विरुद्ध बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की.

## आस्था

### अग्रवाल समाज ने विभिन्न समाज व संगठन के लोगों का किया स्वागत

# अग्रसेन जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** अग्रकुल के प्रवर्तक श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की जयंती पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई. गोला चौक पर अग्रवाल समाज की ओर से निकाली गई शोभायात्रा का दिगंबर जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने स्वागत व अभिनंदन किया. अग्रवाल युवा मंच की ओर से जो करेगा नशा, उसकी होगी दुर्दशाङ्घविषय पर झांकी निकाली गई. वहीं जगह-जगह पर दिगंबर जैन पंचायत, खंडेलवाल महासभा, खाद्यान्न व्यावसायिक संघ, बड़ा बाजार यूथ विंग, गुरुसिंह सिख सभा, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मिलन, मारवाड़ी युवा मंच, यूथ विंग के सदस्यों ने शोभायात्रा का स्वागत किया.वहीं महिला मंडल की ओर से महाराज अग्रसेन, महारानी माधुरी और उनके 18 पुत्रों के साथ की झांकी निकाली. जयंती संयोजक नीरज अग्रवाल एवं सुमन राम राइका ने बताया कि आज का मुख्य आकर्षण नानी बाई को मायरो रहा. मौके पर जैन समाज के जेपी जैन, विजय लुहाड़िया, मुख्य अतिथि के तौर पर इसमें प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा भी शामिल हुईं.

### कई जगहों पर शोभायात्रा का स्वागत

इधर शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाला हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने शोभायात्रा का स्वागत किया. सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभा यात्रा में सम्मिलित वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत मोतियों की माला पहनाकर और जूस एवं पानी पिलाकर किया. मौके पर यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, प्रमोद खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, विकास तिवारी, राकेश कुमार, अजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे.

## मांग पूरी कराने 100 किमी. की पदयात्रा पर निकले मानकी-मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए मानकी-मुंडा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगभग 100 किलोमीटर दूर अवस्थित उपायुक्त कार्यालय के लिए पैदल यात्रा पर रविवार की दोपहर निकले. एन एच 49 एवं एन एच 18 के संगम स्थल पर अवस्थित वीनापाणी मैदान से विधिवत पारम्परिक तरीके से देहुरी द्वारा पूजा अर्चना के बाद महापुरुषों भगवान बिरसा मुंडा, वीर शहीद पोटो हो, वीर शहीद गंगानारायण सिंह, सिद्धू कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित कर अतिथियों ने संयुक्त रूप से यात्रा शुरू की. यह यात्रा 18 अक्टूबर को साकची उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी. इस यात्रा के लिए सैकड़ों लोग हाथों में अपनी विभिन्न मांगों की लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे. इसमें सात सूत्री मांगो को लेकर



चार दिवसीय मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पूर्ति कर रहे हैं. वर्षों पुरानी मानकी मुंडा संघ आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के विल्किंसन /छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम 1908 के प्रावधानों के तहत कार्य कर रही है. पदयात्रा का उद्घघाटन झामुमो केंद्रीय महासचिव बाबूलाल सोरेन, पूर्व डिप्टी स्पीकर देवेंद्र नाथ चम्पिया, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर दिनेश कुमार षाड़ंगी, वरिष्ठ नेत्री डॉ सुनीता देवदूत सोरेन ने हरी झंडी दिखा कर किया. झामुमो केंद्रीय महसचिव बाबूलाल सोरेन ने कहा कि मानकी-मुंडा आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था है. सरकार इस स्वशासन व्यवस्था को नजर अंदाज नहीं कर सकती है. जल, जंगल, जमीन इसी से बच सकती है. जमीन बचेगी तो हासा-भाषा भी बचेगा.

## गागर में सागर

### हाइवा एसो. का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी



**कोडरमा।** कोडरमा थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाले फ्लाई ऐश के ट्रांसपोर्टिंग से स्थानीय हाइवा मालिकों को वंचित किए जाने का विरोध तेज हो गया है. हाइवा एसोसिएशन के बैनर तले हाइवा मालिकों का केटीपीएस के समक्ष रविवार को अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा. हाइवा मालिकों का कहना है कि स्थानीय हाइवा के मालिक विगत कई वर्षों से फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग का काम कर रहे थे, लेकिन प्रबंधन द्वारा अचानक 25 सितंबर को बिना सूचना दिए स्थानीय हाइवा से ट्रांसपोर्टिंग बंद कर दिया गया. इसकी जगह पर हरियाणा और पंजाब से हाइवा लाकर ट्रांसपोर्टिंग का काम कराया जा रहा है. डीवीसी प्रबंधन शीघ्र इस पर विचार करें और फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग में स्थानीय हाइवा को प्राथमिकता दिया जाये, अन्यथा उग्र होकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा.

### चोरों ने गहना-बर्तन समेत लाखों के सामान की कर ली चोरी

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है. चोरों ने बेखौफ होकर शनिवार की देर रात मरकच्चो उत्तरी पंचायत के कर्बला नगर में एक घर से लाखों की चोरी कर ली. दो दिनों के अंदर कर्बला नगर में चोरी की यह दूसरी घटना है. मामले को लेकर पीड़ित कर्बला नगर निवासी अकबर मियां ने मरकच्चो थाना में आवेदन दिया है. दिए गए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि शनिवार की रात वे लोग अपने घर में सो रहे थे. इसी दौरान देर रात को चोर उनके पुराने मकान का ताला तोड़ घर में घुस गए और बक्से को तोड़कर उसमें रखे कांसा के बर्तन तथा उसमें रखे आलामरी की चाभी निकाल अलमारी से सोने-चांदी के कई जेवरात व कपड़े चोरी कर ले गए. चोरी गए सामानों की कीमत तीन लाख से भी अधिक है. घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पंहुच जानकारी ली. मालूम हो की दो दिन पूर्व भी कर्बला नगर व पूनरवास में चोरों ने आधा दर्जन घरों से लाखों के सामान की चोरी कर ली थी. चोरी की घटना से ग्रामीण काफी भयभीत हैं. वहां लगातार हो रही चोरी की घटना पुलिस के लिए भी चुनौती बनी हुई है. पिछले कुछ दिनों में थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से भी अधिक चोरी की घटना घट चुकी है. ग्रामीणों ने पुलिस से गश्ती बढ़ाने की मांग की है.

### क्रिकेट टूर्नामेंट : उद्घाटन मैच में बरकट्ठा की टीम जीती

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत गड़गी पानी टंकी मैदान में आजाद हिंद क्लब गड़गी के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. मैच का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव व जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया. वहीं अतिथियों को आजाद हिंद क्लब के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया. उद्घाटन मैच टाइगर क्लब बरकट्ठा हजारीबाग बनाम गझंडी कोडरमा के बीच खेला गया. जिसमें गझंडी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 163 रन बनाए. 164 रनों के लक्ष्य को बरकट्ठा की टीम ने 5 विकेट खोकर 11.4 ओवर में हासिल कर मैच जीत लिया.

### 'आजा नचले' नृत्य प्रतियोगिता का ऑडिशन, बच्चों ने दिखाया दमखम




**कोडरमा।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कोडरमा बाजार के द्वारा 22 अक्टूबर को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इसके लिए दुर्गा मंडप परिसर में प्रतिभागियों का ऑडिशन लिया गया. ऑडिशन में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया. अंतिम चरण के लिए सब जूनियर श्रेणी में तन्वी, आद्या, गुंजन, वर्षा, आरूही, दिव्यांशी, आरुषि कामाक्षी, वैष्णवी, फलक, काशवी, ऐशना, शेफाली और सीनियर श्रेणी में कुंदन कुमार, शिवम्, सुहानी, नमन, मनीष, रंजीत, अदिति चयनित हुए हैं. ये सभी 22 अक्टूबर को दुर्गा मंडप में होने वाली नृत्य प्रतियोगिता ह्वआजा नचले के भव्य समापन पर अपनी प्रस्तुति देंगे. विजेता प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल, नकद पुरस्कार सहित प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे.

## जलडेगा, सिमडेगा व कोलेबिरा में शारदीय नवरात्र शुरू होने पर निकाली गई कलश यात्रा

# शारदीय नवरात्र शुरू, माता के जय-जयकारों की गूंज







**विकास साहू**

**सिमडेगा।** शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होने के साथ ही जिला मुख्यालय और प्रखंडों में मां दुर्गे की आराधना के स्वर गूंजने लगे हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन विभिन्न क्षेत्रों के पूजा पंडालों और घरों में माता के भक्तों ने कलश स्थापन कर माता को आमंत्रित किया और विधिवत दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ किया। भक्त पूरी शुद्धता और पवित्रता के साथ माता की आराधना में लीन हैं। पहले दिन माता के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा हुई। 9 दिनों तक की पूजा के बाद महानवमी के दिन नौ कन्याओं को भोजन कराने के साथ उद्यापन किया जाएगा। इधर जिला मुख्यालय में दुर्गा पूजा की तैयारी जोर-शोर से जारी है। प्रिंस चौक, कुंजनगर, ओंकार समिति, सामटोली, यूथ कंबीनेशन, रामनगर, अपर बाजार, नीचे बाजार में कारीगर पूजा पंडालों को आकर्षक रूप देने में व्यस्त हैं। इधर प्रिंस चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में अनूप केसरी के द्वारा विधिवत मां दुर्गा का कलश स्थापना करते हुए पूजा किया इस मौके पर आचार्य श्याम सुंदर मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से पूजन कराया। इधर तामड़ा गांव में कलश स्थापना करते हुए विधि विधान के साथ नौ दिनों का शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हुआ जहां पर तालाब में विधायक पूजन पाठ करते हुए कलश स्थापन किया गया मौके पर श्याम केसरी यजमान के रूप में हैं तो वहीं आचार्य के रूप में विश्वनाथ मिश्र विधि विधान के साथ पूजन संपन्न कर रहे हैं। **इधर कोलेबिरा में** धर्मशाला, थाना मोड़ और देवीगुड़ी में कलश स्थापना के साथ नवरात्र पूजन प्रारंभ हुआ। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता का आह्वान किया। कोलेबिरा धर्मशाला में प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे संध्या आरती होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने श्रद्धालुओं से संध्या आरती में शामिल होने की अपील की है। सदर प्रखंड के कुलुकेरा में भक्ति और आस्था के साथ माता की आराधना प्रारंभ करते हुए सुख, शांति, समृद्धि की कामना की जा रही है। **कुलुकेरा में** इस वर्ष मां दुर्गा के पूजन के 51 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर कलश यात्रा निकालकर आयोजन का शुभारंभ किया गया। भक्त काफी उत्साहित दिखे। मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा, दीप नारायण दास सहित कई लोग शामिल हुए कलश यात्रा नदी से प्रारंभ होकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मुख्य मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई मौके पर समिति के अध्यक्ष विनय प्रसाद, मुरारी केशरी,ओमकार केसरी बजरंग केसरी, शिवनिवास केसरी संजीत प्रसाद,प्रकाश केसरी आदि मौजूद रहे। **इधर कुरडेग** उमा महेश्वरी मंदिर प्रांगण में कलश स्थापना के साथ 9 दिनों की मां दुर्गा का आराधना प्रारंभ हुई ।इधर कलश स्थापना से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।यहां कुरडेग की युवतियां शामिल हुई। सभी लोगों ने खालीजोरा नदी में अभिमंत्रित जल लेकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे। जहां पर कलश स्थापित कर पूजन शुरू हुई। **इधर जलडेगा** नवरात्र के पहले दिन मां भगवती के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की गई। पूजन में यजमान की भूमिका दिनेश साहू एवं जंयती देवी नन्दकिशोर सिंह शामिल है पुरोहित के रूप में अरूण कुमार मिश्रा एवं चन्दन कुमार मिश्रा ने निभाई। जहां पर 211 कलश लेकर कलश यात्रा का आयोजन करते हुए मां शक्ति की आराधना की जा रही है। मौके पर राजु साहू, सुभाष साहू, संतोष सिंह, राम अवतार अग्रवाल, बसंत साहू, ढोलो सिंह सहित काफी संख्या में ग्राम तेलीटोली, केलूगा, हुटुटुवा, टंगिया, जामटोली, भितबुना आहुली, पतिअम्बा की महिलाएं एवं आयोजन समिति सदस्य अन्य थे। वही बोलबा स्थित वन दुर्गा मंदिर प्रांगण में भी शारदीय नवरात्रि के मौके पर 9 दिवसीय नवरात्रि प्रारंभ हुई। जहां पर समिति के सदस्यों के द्वारा विधि विधान के साथ मां वन दुर्गा की पूजन की जा रही है।इधर ठेठईटांगरप्रखंड मुख्यालय शिव मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कलश स्थापना कर कर विधि विधान के साथ प्रथम दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री कि अराधना कि गयी। वही बानो स्थित पहाड़ी मंदिर में कलश स्थापना करते हुए मां दुर्गा की आराधना की गई।

## विश्व छात्र दिवस पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व छात्र दिवस के अवसर पर जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा के प्रांगण में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के 92 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा अपनी शैक्षणिक स्तर का प्रदर्शन करने के लिए विज्ञान गणित शिल्प कला रंगोली और पेंटिंग का प्रदर्शनी लगाया गया। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के विज्ञान और गणित के मॉडल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया ।मुख्य अतिथि सचिव जिला विकास प्राधिकार सिमडेगा के मनीष कुमार सिंह, जेजेबी के सदस्य किरण चौधरी, सर्व शिक्षा अभियान की एपीओ शुभकामना प्रसाद, पूर्व वार्ड सदस्य निशा देवी, शौडिक संघ जिला सिमडेगा की महिला अध्यक्षा श्रीमती रेखा रानी और वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र उरांव जी ने सभी प्रदर्शनी का संयुक्त रूप से अवलोकन कर छात्रों की प्रतिभा की सराहना की।

### मॉब लिंचिंग पर आधारित लघु फिल्म 'बिस्कुट' का बानो थाना में प्रमोशन

बानो। मॉब लिंचिंग पर आधारित हिंदी लघु फिल्म का पोस्टर लेकर प्रमोशन बानो थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो व फिल्म के निर्देश क ,कलाकार ने सयुक्त रूप से प्रमोशन किया। कलाकार व निर्देशक तपन कुमार घोष में बताया कि मानवता को झकझोर करने वाली घटना पर आधारित है ।फिल्म कि पुरी टीम झारखंड में घुम घुम कर बिसकुट का प्रमोशन कर रही हैं। दशहरा के बाद फिल्म को वन फूल लाईव यू टयूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा। डॉ सुनामी ने कहा कि झारखंड के फेमस फिल्मकार तपन घोष की फिल्म कसम तिरंगा की को इनटर नेशनल फिल्म फेसटिवल 2019 में द बेस्ट पेटरेयाटीक हिन्दी फिल्म का अवार्ड, 2014 में झारखंड गौरव का अवार्ड ।हाल ही में इनको कला संस्कृति साहित्य के क्षेत्रों में उतकृषट योगदान के लिए नेशनल आईकन अवार्ड 2023 मिला है। वे अभी वन बचाओ पर आधारित हिन्दी फीचर फिल्म एक और जनग जनरल की पर काम कर रहे है ।

## नवरात्र के पहले दिन पर केरसई में निकाली कलश यात्रा, उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन कलश यात्रा का आयोजन कर नवनिर्मित दुर्गा मंडप वेदी पूजन कर विधिवत दुर्गा मंडप का प्रतिष्ठा किया गया ।प.संजय पाठक, अजय कु झा ,एवं गोपाल झा के मंत्र उच्चारण के बीच जजमान के रूप में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार सपत्नीक एवं प्रधान पुजारी विजय प्रसाद के नेतृत्व में कलश यात्रा का आयोजन खालीजोरा नदी से भंडार टोली शिव मंदिर देवी गुड़ी की परिक्रमा करते हुए लालपुर चौक होते गए इंदिरा चौक स्थित दुर्गा मंडप पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ ।कलश यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा जय माता दी जय माता दी उदघोष के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। उसके उपरांत नवनिर्मित दुर्गा पूजा मंडप प्रतिष्ठा हेतु बेदी पूजन का आयोजन किया गया। मौके पर दुर्गा पूजा समिति के उपाध्यक्ष रवि गुप्ता ,शशि प्रसाद , जयंत प्रसाद ,त्रिवेणी प्रसाद, रमेश प्रसाद, मंत्री प्रणव कुमार ,सचिव अवधेश प्रसाद ,कोषाध्यक्ष पंकज कुमार ,सह सचिव पप्पू प्रसाद बिष्णु प्रसाद ,खण्ड कार्यवाहक रविन्द्र बड़ाईक, सदस्य आकाश प्रसाद, रोहित कुमार ,सूर्यप्रताप ,दुबराज प्रसाद मौजूद थे।

## कनारोवां पंचायत भवन में वन अधिकार समिति का पुनर्गठन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड के कनारोवां पंचायत भवन सभागार में वन अधिकार समिति का पुनर्गठन जिला परिषद बिरजो कांडुलना के उपस्थिति में सम्पन हुए ।बैठक की अध्यक्षता पूर्व वन अधिकार समिति के अध्यक्ष जुनुल लुगुन ने की ।मंच का संचालन उप मुखिया अमित डांग के द्वारा किया गया। तथा स्वयं सेवक विकास मघैया के द्वारा वन अधिकार पर विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा की हम मनुष्य वन से जलावन की लकड़ी, घर एवं कृषि औजार में उपयोगी लकड़ी। औषधि में उपयोगी पेड़ पौधा, फल फूल, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्कार जन्म, मृत्य, विवाह में उपयोगी वन उत्पाद, और पारंपरिक पथल गाड़ी, मकान निर्माण, एवं मशना में उपयोगी पत्थर और चारागाह का उपयोग कई दशको से करते आ रहे है। वही पंचायत समिति सुनील समद वन की विशेषता और उसपर निर्भरता के बारे अपना विचार प्रस्तुत किया, विरजो कांडूलना ने कहा की हम आदिवासी, मूल वासी इस वन क्षेत्र में वषों से हमारे कई पीढ़ियों ने जीवन व्यतीत किया है। और वन को हमारे लिए सुरक्षित किए है। जिस पर आज हम पूर्ण रूप से आश्रित है। बैठक नवगठित वन अधिकार समिति के अध्यक्ष प्रदीप सोरेंग, सचिव रेणु किड़ो, सदस्य सनातन बरजो सुरेश समद ,बोनीफस सिंदुरिया, हेमंत सिंह, अमित समद , संतोष समद, आस्यार्नी समद आदि एवं पंचायत के वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## लचरागढ़ धर्मशाला में मारवाड़ी समाज ने मनाई अग्रसेन जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ में अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रवाल सभा के संस्थापक महाराज अग्रसेन जी के जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।सर्वप्रथम अग्रसेन महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद का भी वितरण किया गया ।मौके पर नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि महाराज अग्रसेन अग्रवाल जाति के संस्थापक ही नहीं,बल्कि एक महान पुरुष थे, जिन्होंने भगवान राम, कृष्ण, महात्मा बुद्ध, भगवान महावीर स्वामी की भांति अपना सारा जीवन त्याग, तपस्या, प्रेम, भाईचारा व मयार्दाओं में समर्पित कर दिया तथा हमें भी उनके जीवन से सीख लेते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए ।हमे सभी को एक परिवार की तरह रहना चाहिए ।विकट परिस्थिति में सभी मिलजुल कर एक दूसरे का साथ दें ।बढ़ चढ़कर कर समाज सेवा करें,गरीबों की मदद करें। कार्यक्रम में नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल रामावतार अग्रवाल, विकास मित्तल, संजय अग्रवाल, मनीष सिंगोदिया रिकी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## तैयारी जोरों पर | पंडाल निर्माण में जुटे हैं कल 15 कारीगर

# पांच लाख की लागत से करमा में बन रहा पूजा पंडाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति करमा में वर्ष 1955 से लगातार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा होती चली आ रही है. समिति के अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि यहां सबसे पहले दुर्गा पूजा की शुरूआत श्रम कल्याण केंद्रीय अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा की गई थी. तब से लेकर आज तक हर वर्ष की दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है. समिति के सचिव रणजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष पंडाल बहुत ही भव्य और आकर्षक दृश्य में बनाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को खूब पसंद आएगी. पंडाल निर्माण का कार्य जामताड़ा जिले के लगभग 15 कारीगरों द्वारा निर्माण कार्य लगातार जारी है, जिसमें लगभग पांच लाख रुपये खर्च आएंगे.

### प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं मूर्तिकार रोहित कुमार

हजारीबाग के मूर्तिकार रोहित कुमार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं. प्रतिमाओं में मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा तैयार की जा रही है, जिसमें 75 हजार रुपए खर्च आएंगे. पूजा को सफल बनाने में समिति के कोषाध्यक्ष मनोज साव, छोटी साव, रंजीत साव, राणा राजकुमार सिंह, रणधीर कुमार सिंह, संटू सिंहा, पप्पू कुमार, प्रकाश कुमार, भोला कुमार, छोटू कुमार, गणेश दास, महादेव दास सहित अन्य सदस्य लगे हुए हैं.

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक जिला परिषद डाक बंगला में हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अख्तर ने की। बैठक में मुख्य रूप से एसपी सौरभ कुमार उपस्थित थे। एसपी सौरभ कुमार ने जिले में क्रिकेट के विकास के लिए एसोसिएशन को शुभकामना दी। उन्होंने हॉकी और फुटबॉल की तरह क्रिकेट को भी जिले में लोकप्रिय बनाने की अपील की। एसपी ने कहा कि संगठन के पदेन अध्यक्ष होने के नाते संगठन के वरीय अधिकारियों से बात करते हुए जिले में क्रिकेट के विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में स्थानीय खिलाड़ियों को आगे लाने का प्रयास करें ताकि हॉकी और फुटबॉल की तरह क्रिकेट के माध्यम से भी जिले का नाम और रोशन किया जा सके। मौके पर संगठन के प्रदेश प्रतिनिधि राजेश शर्मा और अधिवक्ता शमीम अख्तर ने भी विचार व्यक्त करते हुए जिले के युवाओं को क्रिकेट खेल में आगे लाने के लिए सुझाव दिए। राजू शर्मा ने कहा कि अगर प्रशासन क्रिकेट स्टेडियम के लिए भूमि उपलब्ध कराती है तो स्टेट संगठन के द्वारा स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। जहां नेशनल और इंटरनेशनल मैच कराया जा सकता है। इधर बैठक में उपस्थित संगठन के जिला सचिव श्रीराम पुरी ने पदेन अध्यक्ष सह एसपी के सुझावों को स्वीकार करते हुए कहा कि जिले में क्रिकेट के सभी प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों को ही मौका दिया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि नए सदस्य भी उन्हें बनाया जाएगा जो खुद अपनी क्रिकेट टीम को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि संगठन के तौकीर उस्मानी के द्वारा क्रिकेट के लिए कोचिंग भी कराया जाता है, इच्छुक खिलाड़ी संगठन से संपर्क कर सकता है। क्रिकेट के विकास के लिए संगठन हर तरह के सहयोग के लिए तैयार है।

## गागर में सागर

### गैड़ा में छह घरों में टूटा ताला, तीन घरों के समान ले उड़े चोर

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के गैड़ा में अलग अलग छह घरों में ताला टूटा, जिसमें तीन घरों में चोरी का मामला सामने आया है। बीते रात को चोरों ने प्रबोध राय के घर से जेवर, बर्तन, कपड़ा एक लाख नगद, गायत्री देवी पति स्व शिवशंकर पांडेय, सुखदेव राय के घरों से कपड़े समेत अन्य सामान को चोर ले कर फरार हो गए। वही चोरों ने मोहन पाण्डेय, जयदेव पाण्डेय तथा मनोज राणा के घर का ताला तोड़ा लेकिन इसमें चोरों को कुछ नही हांथ लगा। घटना की जानकारी उप मुखिया चन्द्रदीप पाण्डेय ने प्रशासन को सूचना दिया। पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

### डूबने से बालक की मौत

**बरही ।** गौरियाकरमा पंचायत के बराकर नदी में डूबने से एक बारह वर्षीय बालक की मौत की सूचना सामने आई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चा खेलने के क्रम ने नदी में चला गया. जहां अचानक गहरे पानी में डुबने लगा. सूचना मिलते ही स्थानीय लोगो की मदद से उसे नदी से निकाल कर बरही अस्पताल लाया गया. जहां चिकत्सको ने मृत घोषित कर दिया. बचे की पहचान लोकेश कुमार पिता भोला प्रसाद के रूप में हुई है. वह निश्चितपुर का रहने वाला था.

### पंचरुखी में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी



**बरकट्ठा।** पंचायत चेचकप्पी अंतर्गत ग्राम पंचरुखी में 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन समाजसेवी सी के पाण्डेय,वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, सुरेश सिंह,सुरेश पाण्डेय एवं बीरेंद्र मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।विदित हो कि पंचरुखी का ट्रांसफॉर्मर जले 3 माह हो गया था। वही समस्या समाधान का प्रयास करने के बावजूद हल नहीं हुआ तो चेचकप्पी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, सुरेश सिंह, साहेब राम सोरेन, शीतल टुड्डू, प्रदीप सिंह, परमेश्वर प्रसाद व अन्य के माध्यम से जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय को सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के जेई, एसडीओ, एक्सक्यूटिव एवं जीएम से बात करके आज 63केवीए का ट्रांसफॉर्मर दिलवाया। ट्रांसफॉर्मर मिलने के बाद पंचरुखी के लोगों में खुशी व्याप्त थी। वहीं लोगो ने जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सहदेव हांसदा, कैलाश टुड्डू, शीतल टुड्डू, आशीष पाण्डेय, रिंकु माली, शेषनाथ सिंह, रिंकु माली, सीताराम चंद्रवंशी, तश्लिम अंसारी, मुजाहिद अंसारी व अन्य उपस्थित रहे।

### रामगढ़ में अशोक स्वीट्स एंड नमकीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन



**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित सुभाष चौक के निकट के 15 अक्टूबर को अशोक स्वीट्स एंड नमकीन नमक प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उदघाटन मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी एवं झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया। मौके पर अमित कुमार सिन्हा ने प्रतिष्ठान के संचालक रोहित कुमार गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की शहर की हृदयस्थली सुभाष चौक के निकट ऐसे प्रतिष्ठान की जरूरत थी। उन्होंने कहा की इस स्थल पर प्रतिष्ठान के आरंभ होने से लोगों को काफी लाभ होगा। क्योंकि यह स्थल शहर का ऐसा स्थान है जहां से प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। वहीं, प्रतिष्ठान के संचालक रोहित गुप्ता ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए स्वादिष्ट ,मीठा एवं नमकीन उचित मूल्य पर उपलब्ध है। प्रतिष्ठान के उदघाटन के मौके पर शैलेंद्र ठाकुर ,नवनीत कुमार ,अशोक गुप्ता, रोहित गुप्ता, रवि गुप्ता ,मोहम्मद सलीम, सीताराम सिंह ,अजय कुमार ,मोहम्मद खुर्शीद ,अरविंद कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

## बरही : आस्था का उमड़ा सैलाब





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** कलश स्थापना व मां शैलपुत्री की पूजार्चना के साथ रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हुआ. इस अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड, गया रोड, पटना रोड, अफीम कोठी की ओर से भव्य जलयात्रा का आयोजन किया गया. जलयात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, तिलेश्वर साहू सेना प्रमुख अरुण साहू, सदभावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, केसरवानी वैश्य महासभा के भगवान केसरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विस सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू सहित विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी, सदस्य और सैकड़ो की संख्या में माता के भक्त शामिल हुए. गाजे बाजे के साथ निकला जलयात्रा पूजा मंडप स्थल से निकलकर बरही नदी घाट पहुंचा. जहां आचार्यों के मंत्रोच्चारण के बीच सैकड़ो श्रद्धालुओ ने पवित्र कलश में गंगाजल भरने काम किया. जिसे संबंधित दुर्गा मंडप में स्थापित किया गया. जल यात्रा के दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड की ओर से भक्ति जागरण की टीम लोगो को भक्ति रस से सराबोर करता रहा. जहां माता के भक्तों के जयकारों से पूरा इलाका गूंजता रहा. विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखा. पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ जल यात्रा के दौरान मुस्तैद रहे. पूर्व विधायक ने कहा कि आस्था और विश्वास का त्योहार दुगार्पूजा अधर्म के ऊपर धर्म का विजय का प्रतीक है. जलयात्रा के दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड के अध्यक्ष छोटन ठाकुर, गया रोड के अध्यक्ष उदय केसरी, पटना रोड के अध्यक्ष दिनेश साहू, सुनील साहू, रविंद्र कुमार गुप्ता,भूपेंद्र यादव आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. वही रसोईया धमना, श्रीनगर, करियातपुर, गौरियाकरमा में भी शांतिपूर्ण कलश यात्रा निकाली गई.

## बरकट्ठा : अमन-चैन की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के मासीपीडी,केंदुआ वन और मधुबन में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने पूजा मंडप से कुंवारी कन्याओं और महिलाओं को कलश देकर जलयात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा गांवों के विभिन्न गलियों से गुजरते हुए उत्तर वाहिनी नदी से मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर मंदिरों में कलश स्थापित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने माता रानी के खूब जयकारे लगाए ।न ।वरात्र के अवसर पर विधायक, पूर्व विधायक समेत आदि प्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में अमन-चैन की कामना की। वहीं प्रखंड में दुगार्पूजा को लेकर पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा जोरों शोरों से तैयारी की जा रही है।प्रखंड क्षेत्र के गोरहर,बेलकपी, बंडासिंगा, बरकट्ठा, सलैया, बरवां, कलहाबाद, बेडोकला, गैडा आदि दुर्गा मंदिरों की साफ सफाई एवं रंग रोगन कार्य, पंडाल निर्माण कार्य आदि किया जा रहा है। मूर्तिकार के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण कार्य में दिन-रात लगे हुए हैं। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखी जा रही है। वहीं पूजा पंडाल में आकर्षक लाइट और ध्वनि यंत्र भी लगाया गया है। जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्ति में हो गया है। बरकट्ठा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामखेलावन यादव ने कहा इस वर्ष बरकट्ठा में दुर्गा पूजा काफी भव्य तरीके से मनाया जाएगा और आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है ।पूजा में सीसीटीवी कैमरा के अलावे स्त्री और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार रखा जाएगा। कलश यात्रा में जिप सदस्य कुमकुम देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी,मुखिया कमलेश कुमार, चिंता देवी, विजय मंडल, पूर्व मुखिया सरयू यादव, भोला यादव,दिलीप कुमार, बैजनाथ मंडल,जागो रविदास, राजकुमार मंडल, उतिम महतो समेत आदि ग्रामीण श्रद्धालु शामिल थे।





### रामगढ़ में माता वैष्णो देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र अनुष्ठान शुरू

**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में रविवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन ही श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने शारदीय नवरात्र पूजन के यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला से कलश स्थापना कराने के बाद विधिवत पूजन आरंभ किया। नौ दिवसीय इस शारदीय नवरात्र अनुष्ठान के अवसर पर माता वैष्णों देवी मंदिर सहित पूरे मंदिर परिसर को फूलों एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक बनाया गया है। रविवार की सुबह पांच बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। माता के भक्तों की भीड़ को देखते हुए पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध किए हैं।

## हजारीबाग: घर वापसी करेंगे दिगवार के 10 परिवारों के 50 सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित दारू प्रखंड के दिगवार सहित आधा दर्जन गांवों में धर्मांतरित होने वाले 10 घरों के 50 सदस्य 20 अक्तूबर को घर वापसी करेंगे. दिगवार के मुखिया महेंद्र मुर्मू ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मान-सम्मान से धर्मांतरित हो चुके परिवारों की घर वापसी कराई जाएगी. घर वापसी को लेकर दारू में भी सक्रियता बढ़ गई है और सनातन समाज के लोगों ने पैर धोकर उनकी घर वापसी कराने का फैसला लिया है. मुखिया ने बताया कि 10 परिवारों के अलावा अन्य कई परिवार हैं जो धर्मांतरित हो चुके हैं और गुपचुप तरीके से रह रहे हैं. वे लोग भी उनके निमंत्रण पर इस समारोह में शामिल होकर घर वापसी कर लें. घर वापसी को लेकर तैयारी की जा रही है. संथाल समाज से वापसी की हरी झंडी मिलते ही धर्मांतरित हो चुके परिवारों के चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है. दरअसल लोगों ने बताया कि धर्मांतरित होने के बाद वे लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे थे. इस घटना ने उनकी आंखें ही नहीं खोलीं, बल्कि राह भी आसान कर दिया. वे लोग वापस आना तो चाहते थे, परंतु उन्हें इस बात का डर था कि कहीं समाज बहिष्कार न कर दे, परंतु उनका भ्रम दूर हो गया है और वे अब और भी सक्रिय होकर अपने सनातन धर्म का पालन हीं नहीं करेंगे, बल्कि अन्य लोग भी जो धर्मांतरित होकर मिशन को अपना लिए हैं, उन्हें वापस लाने के लिए घर वापसी कराई जाएगी.

### जन जन कम्प्यूटर साक्षरता प्रवेश परीक्षा में चार सौ बच्चों ने लिया भाग



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा बाजार रोड स्थित साई कॉम्प्लेक्स में जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान प्रवेश परीक्षा में चार सौ बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी उपस्थित हुए। अपने संबोधन में विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि बरकट्ठा में बच्चों को कम्प्यूटर की शिक्षा मिलने से बच्चों को दूसरे जगह नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के इस दौर में कम्प्यूटर का ज्ञान होना महत्वपूर्ण है। एक ओर कम्प्यूटर ज्ञान से जहां लोग चांद पर पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधी भी बन रहे हैं। इसलिए बच्चे अपनी शिक्षा से देश और लोकहित के लिए अलख जगायें। वहीं प्रमुख रेणु देवी ने संचालक दिलीप कुमार नायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के बच्चों को कम्प्यूटर का शिक्षा देना महत्वपूर्ण कार्य है। आज के दौर में कम्प्यूटर का ज्ञान होना जरूरी है। वहीं संचालक दिलीप कुमार नायक ने कहा कि अपने क्षेत्र के कई ऐसे बच्चे हैं जिन्हें कम्प्यूटर का ज्ञान नहीं होता और मेरा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक बच्चों को कम खर्च में कम्प्यूटर का शिक्षा मिले। परीक्षा संपन्न कराने में संस्था संचालक दिलीप कुमार नायक, विनोद कुमार यादव, मिडिया प्रभारी ईश्वर यादव, कार्तिक मिश्रा, ममता देवी, क्रांति देवी, स्नेहा बर्णवाल, रानी कुमारी, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार,कुंज बिहारी प्रसाद, महेश प्रजापति समेत आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की पंचायत कमेटी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** गोला प्रखंड के लुकैयाटांड़ मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के पंचायत कमेटी के विस्तार को लेकर रविभूषण महतो की अध्यक्षता व राजेश कुमार महतो के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में सभी समुदायों को समिति में जोड़ने तथा समिति विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्व सम्मती से ऊपर बरगा पंचायत के लिए कामेश्वर महतो को अध्यक्ष, अनिल महतो को उपाध्यक्ष, सेवकी महतो को सचिव, संजय महतो को उप सचिव, मिथुन थानदार को मीडिया प्रभारी, कर्मा महतो को कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारणी सदस्य में वंशीधर महतो, छठू महतो, भागीरथ महतो, श्रीपति महतो, टीपू महतो को शामिल किया गया । सरगडीह पंचायत का अध्यक्ष पंकज महतो, उपाध्यक्ष धरम नाथ महतो, विजय महतो,सचिव कैलाश महतो, उप सचिव लालदेव महतो , कोषाध्यक्ष मंटू महतो , मीडिया प्रभारी उत्तम महतो, कार्यकरिणी सदस्य पांडव महतो, रूपेश महतो, मनोज महतो, नवीन महतो, नकुल महतो, रणधीर महतो, मिठू महतो विनोद महतो, सुग्रीव महतो को चुना गया ।बरलंगा पंचायत में अध्यक्ष रमना महतो, उपाध्यक्ष दिगंबर कुम्हार, सचिव संजय प्रजापति, उप सचिव सुरेश महतो, कोषाध्यक्ष मंजीत बेदिया, मीडिया प्रभारी नितेश महतो, कार्यकरिणी सदस्य टिभु महतो, तपन , प्रहलाद महतो, सहजू महतो, संदीप बेदिया को चुना गया । नवाडीह पंचायत के लिए अध्यक्ष सूरज कोटवार, उपाध्यक्ष हीरालाल महतो, सचिव परमेश्वर महतो, उप सचिव राजेन्द्र मांझी आदि को चुना गया।

### संत जेवियर्स स्कूल में लगेगा फुटबॉल खिलाड़ियों का महाकुंभ

**हजारीबाग।** संत जेवियर्स स्कूल हजारीबाग में 17 से 20 अक्तूबर तक बिहार-झारखंड के फुटबॉल खिलाड़ियों का महाकुंभ लगेगा. जिले के इस प्रतिष्ठित स्कूल को सीबीएसई कलस्टर-3 चार दिवसीय बिहार-झारखंड फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेवारी मिली है. यह जानकारी देते हुए संत जेवियर्स स्कूल हजारीबाग के प्राचार्य फादर रोशनर खलखो ने रविवार की शाम चार बजे फादर जॉन मूरी हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि इसमें 46 टीमें भाग लेंगी. इसमें बिहार की 14 और झारखंड की 32 टीम होगी. सभी खिलाड़ियों समेत टीम के सदस्यों की व्यवस्था स्कूल कैंपस में ही बेहतर ढंग से की गई है. इसमें राष्ट्रीय स्तर के रांची, हजारीबाग, धनबाद, रामगढ़ और जमशेदपुर से 17 रेफरी शामिल होंगे. कुल 45 मैच होंगे. हर दिन करीब 12 मैच के आयोजन की तैयारी है.

### पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिला महाधिवेशन का आयोजन

**रामगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के रामगढ़ जिला इकाई के महाधिवेशन का आयोजन रविवार को शहर के गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में किया गया। महाधिवेशन में राज्य के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य शामिल हुए। महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि शिवनारायण महतो ,वन विभाग प्रदेश अध्यक्ष मुख्य सलाहकार सुनील कुमार ,प्रदेश प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश प्रवक्ता शिल्पा सुहासिनी, पेंशनर समाज के मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष शिल्पा कुजूर, शिक्षाविद बलराम सिंह ,पन्नालाल राम उपस्थित हुए । सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से अतिथियों ने किया। कहा यदि विभिन्न विभाग में कार्य कर रहे कर्मचारियों को पेंशन को बचाना है तो सभी कर्मचारियों को आपस में संगठित रहना होगा और लगातार मिलकर संघर्ष करना होगा। कहा की झारखंड राज्य में पुरानी पेंशन लागू हुआ है। कहा की यह कर्मचारियों की संगठित ताकत से संभव हो पाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की हम सभी विभाग के कर्मचारियों का आहवान करते हैं की वे संगठित हों और अपनी मांगों के लिए मिलकर कार्य करें। कहा की हम संगठित होंगे तो हमारी मांग हर हाल में मानी जाएगी।

## जागरूक

### दुलमहा में अनुसूचित बस्ती कार्यक्रम का आयोजन

## बिना भेदभाव के सरकार दे रही योजनाओं का लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत भाजपा पूर्वी मंडल ने प्रखंड के दुलमहा में अनुसूचित जाति बस्ती कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष बंधन यादव ने किया. जिसमे मुख्य रूप से प्रवासी व मंडल प्रभारी सह भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहु एवं भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी शामिल हुए. जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी चंद्रवंशी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान को लेकर यह बैठक किया गया. जिसमे उपस्थित कार्यकर्ताओं को अनुसूचित जाति के लिए मोदी सरकार के किए गए जनहित के कार्यों की चर्चा की गई. बैठक में कार्यकर्ताओं को अनुसूचित जाति मोर्चा के सामाजिक आर्थिक बस्ती का सर्वांगीण विकास, समानता का अधिकार कैसे हो इस पर गहन चिंतन मंथन किया गया. जिला महामंत्री ने बताया कि पीएम मोदी ने सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के नीति को आगे बढ़ाया है. देश में पहली बार भरी संख्या में अनुसूचित जाति के लोगो को राशन, पेशन, आवास, गैस सिलेंडर, आयुष्मान का लाभ मिल रहा है. पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम कौशल विकास योजना, जन धन खाते से सीधे लाभुक को लाभ दिया जा रहा है. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम फसल बीमा योजना का सर्वाधिक लाभ अनुसूचित जाति को मिला. प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एवं प्रवासी चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है. कांग्रेस नेअनुसूचित जाति को वोट बैंक बनाकर रख दिया था. चुनाव के दौरान कांग्रेस को दलित पिछड़ा याद आता था. डॉ भीम राव अंबेदकर को भी चुनावी नारा बनाकर रख दिया था. जिसे मोदीसरकार ने डॉ अंबेदकर से जुड़े पाँच महत्वपूर्ण स्थानों को पंचतीर्थी और 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया है. भाजपा समदर्शी सिद्धांत पर कार्य कर रही है. कार्यक्रम में कृष्णा कुड्ड भुईयां, सुनिल कुड्ड भुईयां, करण कुड्ड भुईयां, राजन भुईयां, गोविन्द भुईयां, दीपक भुईयां, रोहित भुईयां, जगु भुईयां, बुटन भुइयां, भानु भुइयां,दशरथ रविदास, परमेश्वर भुईयां, दीपक राम, दुःखी भुईयां, बिरजू भुईयां, सहोदरी मसोमत, बिंदवा मासोमत, रेखा देवी, शिला देवी, सरिता देवी और परदीप कुड्ड दास समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित हुए।

## राधा गोविंद विवि.में नवागंतुक विद्यार्थियों ने मनाया फ्रेशर डे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस और प्रोद्योगिकी विभाग में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने अपना-अपना परिचय दिया। मौके पर कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा आप सभी हमारे देश के भविष्य हैं आपके द्वारा किया गया कोई भी कार्य देश के विकास में सहयोग प्रदान करेगा इसलिए आप सभी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठोर मेहनत करें और आगे बढ़ें। वहीं, कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला मोहंती ने कंप्यूटर जगत में होने वाले विकास के संदर्भ में कहा की कंप्यूटर हमारे जीवन का अंग बन गया है इसके बिना हम एक कदम आगे नहीं चल सकते ।इस विकास को और आगे बढ़ाना आप सभी का दायित्व है और मुझे आशा है कि आप सभी इस कार्य को ईमानदारी से करेगें। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने विद्यार्थियों को रेगुलर क्लास और अनुशासन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि छात्र के जीवन में अनुशासन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा आप सभी हमारे बच्चों के समान हैं और मैं आशा करती हूँ कि आप सभी अपने अग्रज साथी के साथ मधुर संबंध बना कर अपने जीवन मेंं आगे बढ़ेंगे। कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने सभी नावागंतुक छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा आप सभी कठोर परिश्रम से अपने भविष्य में बेहतर कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि तथा विभाग के अन्य व्याख्याता विपुल कुमार, डॉ. राजू कुमार महतो, पिंकी कुमारी सिंह, अमित सौरव एवं सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

